आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 05.09.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- आज शिक्षक दिवस है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली और राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए।
- प्रधानमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर को तर्कसंगत बनाने के लिए आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया।
- ऊधमसिंह नगर जिला जल एवं स्वच्छता समिति ने 636 करोड़ रुपये से अधिक लागत की महानगर रुद्रपुर, काशीपुर और नगर निगम सितारगंज पेयजल योजना के निर्माण को मंजूरी दी।
- भारत को वर्ष 2047 तक विकसित कृषि प्रधान देश बनाने के उद्देश्य से अल्मोड़ा में राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

**शिक्षक दिवस**

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार उन शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है।

इस बीच, राज्य में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देहरादून स्थित राजभवन में राज्य के शिक्षकों के सम्मान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को 'शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर – जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया। उन्होंने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं जैसी ज़रूरी वस्तुओं पर कर पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि दोनों कर स्लैब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में 'पंच रत्न' को शामिल किया है।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक

ऊधमसिंह नगर जिला जल एवं स्वच्छता समिति ने लगभग 636 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से महानगर रुद्रपुर, काशीपुर और नगर निगम सितारगंज पेयजल योजना के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस योजना से 3 लाख 33 हज़ार 586 की आबादी लाभान्वित होगी। पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से सभी को शुद्ध और सुचारू पेयजल उपलब्ध कराना भारत सरकार और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

## कृषि रोडमैप पर राज्य स्तरीय बैठक

अल्मोड़ा के विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में शोध योग्य मुद्दों और कृषि रोडमैप पर एक राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों तथा शोधकर्ताओं ने भाग लिया और कृषि विकास तथा संबंधित विभागों की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने उत्तराखंड राज्य की कृषि व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, वर्षा आधारित खेती, मृदा अपरदन, जल संसाधनों की कमी, जंगली जानवरों की समस्या और पलायन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने कहा कि बैठक का उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित कृषि प्रधान देश बनाना है।

आईसीआर–एनआरसी ऑर्किड सिक्किम के निदेशक डॉ. एसपी दास ने कहा कि वे उत्तराखंड में फूलों की खेती के लिए विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।

## टोल फ्री नंबर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में संचालित सभी टोल फ्री नंबरों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टोल फ्री नंबरों को और अधिक प्रभावी तथा बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने ने अपणि सरकार पोर्टल को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पोर्टल पर दी जाने वाली सुविधाओं को और अधिक सरल एवं सुगम बनाने के भी निर्देश दिए।

**<u>एंटी–ड्रग कमेटी</u>**

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने जिले के स्कूल–कॉलेजों में नशा निवारण समिति को सक्रिय रूप से कार्य करने और बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति नंबर 14 44 46 के प्रचार–प्रसार पर भी बल दिया। नशा मुक्ति एवं नशा निवारण संबंधी बैठक में उन्होंने भांग की खेती और अवैध मादक पदार्थों के उन्मूलन के लिए राजस्व, वन विभाग और पुलिस को तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।